# तुम ना सुनोगी तो कौन सुनेगा माता भजन लिरिक्स

तुम ना सुनोगी तो कौन सुनेगा,

साथी हमारा कौन बनेगा,
तुम ना सुनोगी तो कौन सुनेगा,
आज मेरी फरियाद तू सुन ले,
तेरे सिवा माँ कौन है मेरा,
साथ ही हमारा कौन बनेगा,
तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा।bd।

तर्ज – और इस दिल में।

---

सुना है हमने सभी से,
खिवैया एक ही है,
घूम ली सारी दुनिया,
ये मैया एक ही है,
अबकी पार लगाओ नैय्या,
मानूंगा एहसान,
मानूंगा एहसान,
हमको किनारा कैसे मिलेगा,
तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा।bd।

---

वो तेरे भक्त होंगे,
जिन्हें तुमने है तारा,
बता ऐ कटरा वाली,
कौन सा तीर मारा,
भक्त तुम्हारी भक्ति करते,
लेते रहते नाम,
लेते रहते नाम,
उनका काम तो करना पड़ेगा,
तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा।bd।

---

आ गया दर पर तेरे,
सुनवाई हो जाए,
जिंदगी से दुखों की,
विदाई हो जाए,
एक नजर कृपा की डालो,
मानूंगा एहसान,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मानूंगा एहसान,
संकट हमारा कैसे कटेगा,
तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा।bd।

---

है पानी सर के ऊपर,
मुसीबत अड़ गई है,
हे मैया आज तुम्हारी,
जरूरत पड़ गई है,
अपने हाथ से हाथ पकड़ ले,
मानूंगा एहसान,
मानूंगा एहसान,
साथ हमारे कौन चलेगा,
तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा।bd।

---

साथी हमारा कौन बनेगा,
तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा,
आज मेरी फरियाद तू सुन ले,
तेरे सिवा माँ कौन है मेरा,
साथ ही हमारा कौन बनेगा,
तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा।bd।

गायक – विशाल जोशी।
देवास मध्य प्रदेश।
फोन नंबर 7000839796
प्रोग्राम के लिए सम्पर्क करें।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com